**दिनांक : 14.01.2025** **समय : 07.10**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़, सवा तीन करोड़ लोगों ने कराया पंजीयन।
- आज से 28 जनवरी तक राज्य के हर गांव और शहर में मनाया जाएगा आनंद उत्सव।
- प्रदेश भर में आज मकर संक्रांति का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।
- जबलपुर में नर्मदा नदी के तटों को सरयू नदी की तर्ज पर विकसित करने के लिए शुरू हुआ नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ **परीक्षा पे चर्चा** में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़, सवा तीन करोड़ छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने वालो में विदेशी छात्र भी शामिल हैं, जिससे इसकी वैश्विक पहचान और बढ़ गई है। परीक्षा पे चर्चा का 8वां संस्करण विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जो 12 जनवरी को शुरू हुआ और 23 जनवरी को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी की अनूठी पहल, 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य परीक्षा से संबंधित तनाव को कम करना और परीक्षा के अनुभव को उत्साह में बदलना है।

**आनंद उत्सव**

प्रदेश में आज से 28 जनवरी तक प्रदेश के हर गांव और शहर में आनंद उत्सव मनाया जाएगा।

**सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में सेवा देने वाले पूर्व सैनिक हमारे सशस्त्र सेनाओं की ताकत है। नौवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर श्री सेठ ने मुंबई में गौरव स्तंभ पर माल्यार्पण किया। श्री सेठ ने कहा कि पूर्व सैनिक भारत के गौरव हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले दस साल में पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों के कल्याण के लिए एक लाख 24 हजार करोड रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई है।

इस अवसर पर एक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें चार सौ से अधिक पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

**स्मार्ट मीटर-झाबुआ**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर परियोजना में झाबुआ पूर्णतः स्मार्ट मीटर वाला शहर घोषित कर दिया गया। कंपनी की एमडी सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि कंपनी क्षेत्र का खरगोन शत प्रतिशत स्मार्ट मीटर वाला प्रदेश का पहला शहर बना था, इसके बाद 13 हजार 700 स्मार्ट मीटर लगाकर झाबुआ जिला मुख्यालय को स्मार्ट मीटरीकृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रतलाम शहर भी पूरी तरह स्मार्ट मीटरीकृत हो जाएगा ।

**बालाघाट होम स्टे**

मप्र टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन ने बालाघाट के जनजातीय ग्रामीण क्षेत्र टेकाड़ी, केरा और पिपरटोला में 6 होमस्टे स्थापित किये गए है। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इनका लोकार्पण किया । इस दौरान श्रीमति पारधी ने कहा कि इससे ग्रामीण युवाओ और महिलाओं की आय सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही पर्यटक व शोधार्थी ऐसे स्थलों का लाभ लेकर ग्रामीण सभ्यता संस्कृति को करीब से जान सकें।

**मकर संक्रांति**

प्रदेश भर में आज मकर संक्रांति का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया । प्रयागराज के महाकुंभ में मकर संक्रांति अमृत स्नान के दौरान आज साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई । राजधानी भोपाल में मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विधायक भगवान दास सबनानी ने तात्या टोपे मंडल महिला मोर्चे के मकर सक्रांति उत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने पतंगबाजी भी की। पन्ना जिले मे आज मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक श्रद्धा से  मनाया जा रहा हे। लोगों ने बड़ी संख्या मे  पन्ना के ऐतिहासिक धर्मसागर तालाब ओर केन नदी मे बुडकी लगाई। मंडला जिले में नर्मदा तटों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने शुभ मुहर्त में हजारों की संख्या में डुबकी लगाई.पेश है हमारे मंडला संवाददाता शशांक चौबे की एक रिपोर्ट:

**नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट**

जबलपुर में नर्मदा नदी के तटों को सरयू नदी की तर्ज पर विकसित करने के लिए महत्वाकांक्षी नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत जमतरा से तिलवारा घाट तक

लगभग 9 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 17 छोटे-बड़े घाटों का विकास किया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत एक हजार करोड़ रुपए है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के अनुसार प्रोजेक्ट में पर्यटन और धार्मिक महत्व के साथ-साथ पर्यावरण और मां नर्मदा के प्राकृतिक स्वरूप का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**मालवा का जलियावाला**

अमृतसर के जलियांवाला बाग हत्याकांड से ठीक 33 साल पहले 14 जनवरी को सीहोर के सैकड़ाखेड़ी में अंग्रेजों ने 356 शहीदों का सामूहिक नरसंहार किया था. हर साल मकर संक्रांति के दिन सीहोर में नागरिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया जाता है.आज भी बड़ी संख्या में नागरिकों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित. पेश है एक रिपोर्ट-

**खो खो**

खो खो विश्व कप 2025 में आज भारतीय महिला टीम अपने पहले मैच में दक्षिण कोरिया से खेल jgh gSA नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रियका इंगले की अगुआई में टीम का लक्ष्य जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना होगा। उधर भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला ब्राजील से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे से खेला जाएगा। इससे पहले, कल पुरुष टीम ने नेपाल पर 42-37 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय - हल्दी बोर्ड**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की सराहना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बोर्ड की स्थपना को विशेष रूप से हल्दी किसानों के लिए अत्यंत हर्ष का विषय बताया। उन्होंने कहा कि बोर्ड हल्दी के उत्पादन में नवाचार, वैश्विक संवर्धन और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और किसानों तथा उपभोक्तओं दोनों को लाभ होगा।

**पीठासीन अधिकारी सम्मेलन**

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का 85वां सत्र 20 और 21 जनवरी को बिहार के पटना में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय भारतीय संविधान की 75वीं गौरवशाली यात्रा पर आधारित है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे. सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्षों, विधानसभा अध्यक्षों सहित 54 पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे तथा राज्य विधानसभाओं के 31 सचिव भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

**समाचार संक्षेप में....**

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल शिवपुरी जिले के भ्रमण पर आएंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- हरदा में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित नौ दिवसीय स्वदेशी मेले की शुरुआत कल से मिडिल स्कूल ग्राउंड पर होगी। मेला प्रभारी प्रणव पारे ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना और स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना है।
- छिंदवाड़ा में राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आज महाविद्यालयीन स्तर पर वोट जैसा, कुछ नहीं वोट जरूर डालेगे हम विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- उज्जैन में सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस पर 100 से अधिक वीर सैनिकों के माता-पिता, वीर नारियों तथा भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया।
- महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कंट्रोल रूम झाबुआ पर चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़, सवा तीन करोड़ लोगों ने कराया पंजीयन ।
- आज से 28 जनवरी तक राज्य के हर गांव और शहर में मनाया जाएगा आनंद उत्सव ।
- प्रदेश भर में आज मकर संक्रांति का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया ।
- जबलपुर में नर्मदा नदी के तटों को सरयू नदी की तर्ज पर विकसित करने के लिए शुरू हुआ नमामि नर्मदे प्रोजेक्ट ।

-------------------